आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

ग्यारहवीं बैठक, दिनांक – 18.07.2020

आज दिनांक 18.07.20 को IQAC की ग्यारहवीं बैठक प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई। समिति की 11वीं बैठक का विवरण इस प्रकार है :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य एवं समिति के अध्यक्ष श्री एन. के. देवांगन ने समिति के सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया। IQAC के संयोजक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय ने आज की बैठक का एजेण्डा समिति के समक्ष रखा।

2. सर्वप्रथम समिति ने कोविड–19 महामारी से बचाव के लिए महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक सदस्यों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। इसके लिए नियमित मास्क पहनना, सामाजिक दूरी का पालन करना एवं नियमित अंतराल पर हाथ धोते रहने को सभी के लिए अनिवार्य किया गया।

3. समिति ने संकाय सदस्यों के लिए ऑनलाईन दक्षता / फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में सम्मिलित होने का सुझाव दिया जिससे इस विषम परिस्थिति में भी सीखने और दक्षता विकास की प्रक्रिया जारी रहे।

4. वर्तमान में छात्र / छात्राओं हेतु महाविद्यालय बंद होने के कारण ऑनलाईन माध्यम से स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु मार्गदर्शन जारी रखने का समिति ने सुझाव दिया।

5. समिति ने महाविद्यालय में नैक पीयर विजिट की संभावना के दृष्टिगत आंतरिक तैयारियों को जारी रखने का निर्णय लिया। जिससे शॉर्ट नोटिस में विजिट होने पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके।

6. कोविड-19 के चलते समिति ने महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्णय लिया। समय-समय पर परिसर के सेनेटाइजेशन का भी सुझाव दिया गया।

7. समिति ने बाह्य आगंतुकों के लिए महाविद्यालय मुख्य भवन के बाहर एक पूछताछ केंद्र बनाने का सुझाव दिया जिससे आगंतुकों कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए आवश्यक जानकारी मिल सके।

समिति के संयोजक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ ही आज की बैठक का समापन हुआ। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:—

1. कु. प्रीती राय — Preeti Ray
2. श्री आलोक कु. दास — Alok
3. श्री दयानंद कुशवाहा —
4. डॉ. अर्चना गुप्ता — 18/07/20
5. डॉ. सत्यनारायण साहू — 18.7.2020
6. श्री एन.के. सिंह — 18/7/2020
7. श्री जी.पी. कोरी (चि.आ.) —

18/07/2020

डॉ. यू.के. पाण्डेय
संयोजक IQAC

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist. Balrampur (C.G.)

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
श्री एन. के. ... प्राचार्य, IQAC

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

बारहवीं बैठक, दिनांक — 17.10.2020

आज दिनांक 17.10.20 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित हुई। समिति की बारहवीं बैठक का कार्यवाही विवरण इस प्रकार है —

1. सर्वप्रथम प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन ने समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और IQAC के संयोजक डॉ. यू.के. पाण्डेय ने बैठक के एजेण्डे की जानकारी समिति सदस्यों को दी।

2. सर्वप्रथम कोविड-19 से बचाव के प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक और आगंतुकों को विशेष सावधानी बरतने का निर्देश देने का निर्णय हुआ। कैंपस में बिना मास्क के प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

3. कोविड-19 महामारी से हरसंभव बचाव के दृष्टिगत NSS/NCC के छात्र/छात्राओं के माध्यम से जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया।

4. स्थगित विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के ऑनलाइन आयोजन को ध्यान में रखते हुए हर छात्र तक सुगमतापूर्वक सूचना पहुँचे और कोई भी छात्र परीक्षा से वंचित न हो इसके लिए प्रयास करने की सहमति बनी।

कृ. प. उ.

Government College ... AISHE C-9750 (C.G.)

5. महाविद्यालय के हर्बल गार्डन को व्यवस्थित तरीके से विकसित करने का निर्णय लिया गया। हर्बल गार्डन में औषधीय पौधों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

6. नैक पोर्टल से सतत संपर्क में रहने का सुझाव दिया गया ताकि कोविड-19 के कारण स्थगित नैक पीयर टीम विजिट की निर्देश प्राप्त होने पर आवश्यक तैयारियाँ की जा सकें।

7. सभी विभागों को नैक पीयर टीम निरीक्षण की संभावना को देखते हुए व्यवस्थित करने, पॉवर पाइंट प्रजेन्टेशन तैयार करने और दस्तावेजों के व्यवस्थित संधारण का सुझाव दिया गया।

8. स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं से सतत संपर्क बनाये रखने के लिए उनका कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय लिया गया ताकि आवश्यकतानुसार सूचनाएँ, अध्ययन सामग्री प्रेषित की जा सकें।

9. छात्र/छात्राओं का रुका हुआ परीक्षा-परिणाम शीघ्र जारी हो इसके लिए उत्तर पुस्तिकाओं के शीघ्र मूल्यांकन का निर्णय लिया गया।

समिति के संयोजक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ आज की बैठक का समापन हुआ। बैठक में निम्न सदस्य शामिल हुए —

1. कु. प्रीती राय — Preeti Rai
2. श्री दयानंद कुशवाहा — [signature]
3. डॉ. अर्चना गुप्ता — Gupta 17/10/20
4. श्री एन. के. सिंह — [signature] 17/10/2020
5. डॉ. एस. एल. साहू — [signature] 17.10.20
6. श्री जी. पी. कोरी — [signature]

[signature] 17/10/20

डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक, IQAC

[Stamp: Government College Balrampur, AISHE C-9750, Dist.-Balrampur (C.G.)]

[signature]
श्री एन. के. प्राचार्य [stamp]
प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

तेरहवीं बैठक, दिनांक — 18.01.2021

आज दिनांक को (18.01.2021) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की तेरहवीं बैठक प्राचार्य श्री. एन. के. देवांगन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में दोपहर 2.00 बजे से आयोजित की गई। बैठक का कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:—

1. बैठक की शुरुआत करते हुए प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। IQAC के संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय ने बैठक के एजेण्डे की जानकारी दी।

2. सर्वप्रथम समिति ने ऑनलाईन कक्षाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन कक्षाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का निर्णय किया।

3. समिति ने विभिन्न कक्षाओं हेतु जारी प्रवेश को समय-सीमा में पूर्ण करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रवेश से कोई भी छात्र वंचित न हो, इसका निर्णय लिया गया।

4. समिति ने समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप हेतु पंजीकृत करने का निर्णय लिया। स्कॉलरशिप आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर विचार करने का सुझाव दिया गया।

5. समिति ने नैक से प्राप्त ई-मेल के द्वितीय दूसरे चरण के शुल्क का यथाशीघ्र भुगतान करने का निर्णय लिया। जिससे महाविद्यालय के नैक से मूल्यांकन एवं प्रत्यायन में गति आ सके।

AISHE C-9750

6. समिति ने नैक पीयर टीम आगमन के पूर्व महाविद्यालय भवन की रंगाई-पुताई का निर्णय लिया। साथ ही आवश्यक साज-सज्जा करने का भी सुझाव दिया।

7. समिति ने पीयर टीम निरीक्षण के पूर्व महाविद्यालय के कान्फ्रेंस हॉल को व्यवस्थित रूप देने का निर्णय लिया।

8. समिति ने नैक पीयर टीम आगमन के पूर्व सभी विभागों की गतिविधियों को PPT के माध्यम से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। जिन विभागों में नियमित शिक्षक कार्यरत नहीं हैं, उनका प्रस्तुतिकरण IQAC के निर्देशन में किया जायेगा।

9. समिति ने अभिभावकों एवं भूतपूर्व छात्रों की समयबद्ध बैठक आयोजित करने का फैसला किया। इससे आनलाइन अध्यापन को और व्यवस्थित रूप दिया जा सकेगा।

आज की बैठक का समापन संयोजक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे —

1. कु. प्रीति राय — Preeti Raj
2. श्री आलोक कु. दास — Alok
3. श्री दयानंद कुशवाहा — [signature]
4. डॉ. अर्चना गुप्ता — [signature]
5. श्री एन. के. सिंह — [signature] 18/01/2021 [signature] 18/01/21
6. डॉ. एस. एन. साहू — [signature] 18.01.2021
7. श्री जी. पी. मोदी — [signature]

[signature] 18/01/2021
डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक, IQAC

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)

[signature]
श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

चौदहवीं बैठक, दिनांक — 18.03.2021

आज दिनांक 18.03.2021 को IQAC की चौदहवीं बैठक प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय ने बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया।

2. सर्वप्रथम नैक पीयर टीम के निरीक्षण दिनांक 05-06 अप्रैल 2021 पर चर्चा की गई। पीयर टीम निरीक्षण के दृष्टिगत समस्त तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्णय हुआ।

3. महाविद्यालय में भौतिक अध्यापन प्रारंभ होने के कारण दूरस्थ अंचलों के छात्र/छात्राओं को कोविड-19 के कारण बस/आवागमन की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए जिला कलेक्टर से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

4. महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और वाणिज्य संकाय में फैकल्टी की कमी को देखते हुए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

5. गर्ल्स कॉमन रूम में सेनेटरी नैपकिन/डिस्पोजल मशीन क्रय करने का निर्णय लिया गया।

6. कैंपस को वाई-फाई करने पर विचार किया गया। इस पर अधिक व्यय को देखते हुए तात्कालिक समाधान के लिए

सभी विभागों में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसकी स्थापना/ रिचार्ज पर आने वाले व्यय को जनभागीदारी प्रबंधन समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

7. आगामी प्रायोगिक परीक्षाओं के दृष्टिगत जिन विभागों में केमिकल इत्यादि की कमी है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने का निर्णय लिया गया।

8. वर्तमान में बढ़ते कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए कोविड-19 से बचाव के समस्त उपायों का सख्ती से पालन करने का निर्णय लिया गया। किसी भी विद्यार्थी को बिना मास्क के कक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

9. कोविड-19 के कारण विलंब से प्रारंभ हुए सत्र के कारण पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई। अतिरिक्त कक्षाएँ लेकर पाठ्यक्रम पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

10. स्नातकोत्तर कक्षाओं (रसायनशास्त्र/ हिन्दी) के लिए अतिरिक्त संदर्भ पुस्तकें क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसके संभावित व्यय को जनभागीदारी प्रबंधन समिति के समक्ष रखने का निर्णय हुआ।

11. जो विद्यार्थी भौतिक रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं उनकी सुविधा को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण ऑनलाईन अध्यापन के लिए फैकल्टी को पेन टैबलेट, वेबकैम एवं अन्य सहायक सामग्री क्रय करने का निर्णय लिया गया।

12. वार्षिक परीक्षाओं के आवेदन पत्रों को जमा करने हेतु कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए अलग: सुविधा काउंटर बनाने का निर्णय लिया गया।

अंत में समिति के संयोजक डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ आज की बैठक का समापन हुआ। आज की बैठक में स्थायी सदस्यों के साथ-साथ निम्न विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे:—

1. श्री दयानंद कुमार कुशवाहा — [signature]

2. कु. प्रीती राय — Preeti Ray

3. श्री आलोक कुमार दास — [signature]

4. श्री एच. के. सिंह — [signature] 18/3/21

5. डॉ. अर्चना गुप्ता — [signature] 18/03/21

6. डॉ. एस.एन. साहू — [signature] 18.3.21

7. श्री कु. पाल सोनी (वि.आमं.) — [signature] 18.03.21

8. कु. नीलिमा (विशेष आमंत्रित) — Neelima

9. श्री सुरेश कु. रवि (वि. आमं.) — [signature]

10. श्री गोलू कु. साहू (वि. आमं.) — [signature]

11. श्री जी. पी. कोरी — [signature]

[signature] 18/3/21
डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक, IQAC

[signature]
श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य/अध्यक्ष IQAC
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## वार्षिक कार्यान्वयन प्रतिवेदन
## (Annual action taken report)

### सत्र 2020-21

1. सत्र 2020-21 में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की कुल 4 बैठकें आयोजित की गईं और महाविद्यालय के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

2. IQAC के तत्वावधान में महाविद्यालय का नैक से मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कराया गया। दिनांक 05 से 06 अप्रैल 2021 को नैक पीयर टीम ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। महाविद्यालय को प्रथम चक्र में 1.88 CGPA अंक के साथ नैक द्वारा 'C' ग्रेड प्रदान किया गया।

3. महाविद्यालय में हर्बल गार्डन विकसित किया गया और उसमें स्थानीय महत्व के औषधीय गुणयुक्त पौधे लगाये गये। हर्बल गार्डन से महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र के विद्यार्थी इससे लाभान्वित हुए।

4. महाविद्यालय की आधारभूत सुविधा को बढ़ाते हुए एक नये कान्फ्रेंस हॉल को विकसित किया गया।

05. छात्राओं के हाइजीन को ध्यान में रखते हुए उनके उपयोग हेतु सेनेटरी नैपकिन / डिस्पोजल मशीन क्रय कर इंस्टाल कराया गया। इससे ग्रामीण अँचल की छात्रायें भी लाभान्वित हुईं।

06. महाविद्यालय में कार्यरत समस्त पाँच नियमित सहायक प्राध्यापकों को पुनश्चर्या कार्यक्रम हेतु भेजा गया। पुनश्चर्या कार्यक्रम करने से सहायक प्राध्यापकों की दक्षतावृद्धि हुई जिसका प्रत्यक्ष लाभ विद्यार्थियों को मिला।

07. कोविड प्रकरणों एवं उससे बचाव के उपायों के तहत इस सत्र में अधिकांश कक्षायें ऑनलाईन संचालित की गईं। विद्यार्थियों के अध्यापन में बाधा न आये इसके दृष्टिगत जनभागीदारी समिति से टीचिंग एड उपकरण खरीदने का निर्णय लिया गया।

8. महाविद्यालय से स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में विश्वविद्यालयी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग से सुविधा एवं पूछताछ काउंटर बनाया गया।

9. कोविड-19 बीमारी से बचाव हेतु महाविद्यालय के NSS स्वयं सेवकों ने स्थानीय स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इससे NSS के विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी का भी विकास हुआ।

10. महाविद्यालय के अधिकांश छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध कराई गयी। इससे अनेक निर्धन छात्र/छात्रायें लाभान्वित हुए, उन्हें पढ़ाई हेतु सुविधा मिली।

11. महाविद्यालय के मुख्य भवन की देखभाल के तहत रंगाई-पुताई का कार्य संपन्न कराया गया।

12. विद्यार्थियों के लिए नवीन पुस्तकों एवं प्रयोगशाला सामग्री का क्रय किया गया साथ विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार केमिकल की खरीद की गई।

13. भूतपूर्व छात्रों की बैठक आहूत की गई और उन्हें महाविद्यालय के विकास हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

14. महाविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी एवं रसायन विभागों हेतु संदर्भ पुस्तकें क्रय की गईं।

30/06/2021

डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक, IQAC

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य / चेयरमैन

कोविड-19 से उत्पन्न विषम परिस्थिति के कारण जुलाई 2021 में प्रस्तावित IQAC की बैठक संपन्न नहीं हुई।

02.08.21

डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक IQAC

श्री एन. के. देवांगन
अध्यक्ष / प्रभारी प्राचार्य

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

### पंद्रहवी बैठक, दिनांक - 10.12.2021

आज दिनाँक 10.12.2021 को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पंद्रहवी बैठक प्राचार्य श्री एन० के० देवांगन की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समितिकक्ष में दोपहर-12 बजे से आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है :-

1. सर्वप्रथम प्राचार्य श्री एन० के० देवाँगन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के संयोजक डॉ० यू० के० पांडेय ने बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया।

2. समिति ने सर्वप्रथम पूर्व कार्यों की समीक्षा की और नैक से महाविद्यालय के मूल्यॉकन पर संतोष जताया। समिति ने आगामी नैक मूल्यॉकन चक्र के लिये अभी से तैयारी प्रारंभ करने का निर्णय लिया।

3. समिति ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु तथा कौशल अभिवृद्धि के साथ उन्हे रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वैल्यू एडेड कोर्स (VAC) प्रारंभ करने का निर्णय लिया। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं, रोजगारपरक, सामाजिक हित एवं सामुदायिक विकास तथा पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं उसके कार्यान्वयन के विभिन्न पक्षों पर विचार करने के लिये डॉ० सत्यनारायण साहू सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र के संयोजकत्व में एवं डॉ० उमेश कुमार पांडेय एवं डॉ० अर्चना गुप्ता की सदस्यता में तीन सदस्यीय समिति का गठन करने हेतु प्राचार्य को सुझाव दिया जाता है। समिति के सुझाव के आधार पर तत्काल कोर्स प्रारंभ किया जाये।

4. समिति ने महाविद्यालय के सभी संकायों में स्नातकोत्तर कक्षाओं के नये प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया। राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, वाणिज्य, जंतुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, गणित

भौतिकी, कम्प्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर कक्षायें एवं भूगोल, अर्थशास्त्र एवं बॉयोटेक्नोलॉजी में स्नातक कक्षायें प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इसके लिये शासन को माँगपत्र भेजा जायेगा। स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रों के सुझाव के आधार पर कला में राजनीतिविज्ञान एवं विज्ञान में वनस्पतिशास्त्र प्राथमिकता में रहे।

5. समिति ने डी०सी०ए० एवं पी०जी०डी०सी०ए० जैसे रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का निर्णय लिया। इसकी स्वीकृति के लिये भी शासन को पत्र भेजा जायेगा।

6. समिति ने महाविद्यालय के फैकल्टी डॉ० अर्चना गुप्ता को राजनीति-शास्त्र में एवं डॉ० एस० एन० साहू को रसायनशास्त्र में विश्वविद्यालय द्वारा शोध निर्देशक मान्य किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया। समिति ने स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग को विश्वविद्यालय द्वारा शोधकेन्द्र बनाये जाने के लिये प्रयास करने पर सहमति जताई। इसके लिये विश्वविद्यालय से शीघ्र पत्राचार किया जायेगा।

7. समिति ने नैक द्वारा दिये गये सुझाव के आधार पर (पीयरटीम) भौतिकी की प्रयोगशाला के उन्नयन का निर्णय लिया। इसके लिये आवश्यक फंड हेतु शासन से पत्राचार किया जायेगा।

8. समिति ने महाविद्यालय की समस्त गतिविधियाँ शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का निर्णय लिया। फरवरी में अर्धवार्षिक परीक्षा एवं अप्रैल में प्री यूनिवर्सिटी इक्जाम आयोजित कराने का निर्णय लिया। इसी प्रकार वार्षिक खेलकूद एवं बौद्धिक सांस्कृतिक प्रतियोगितायें फरवरी में अर्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात संपन्न कराने का निर्णय लिया गया।

9. वर्तमान में कोविड के नये वैरियेन्ट ओमिक्रान के संक्रमण की आशंका को देखते हुये छात्र-छात्राओं को टीकाकरण के लिये प्रेरित किया जायेगा। साथ ही कोविड से बचाव के समस्त अनुशासनों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित किया

-जायेगा। मास्क के अभाव में विद्यार्थियों को प्रवेश नही दिया जायेगा।

10. महाविद्यालय में विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने के लिये प्रत्येक शनिवार को बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु आवश्यक वेषभूषा क्रय करने हेतु जनभागीदारी समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा जायेगा।

11. समिति ने एन०सी०सी० एवं एन०एस०एस० की गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठों, समितियों, सेल, की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जायेंगी एवं उनका कार्यवाही -विवरण संधारित किया जायेगा।

12. महाविद्यालय के आधारभूत संरचना के विकास हेतु अतिरिक्त कक्ष बनाने एवं शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ के लिये स्टॉफ क्वार्टर हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। इससे प्रयोगशालायें बेहतर होंगी व स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु अतिरिक्त -कक्ष मिल सकेंगे।

13. महाविद्यालय में शोध गतिविधियों को बढ़ाने के लिये एक शोध -प्रकोष्ठ का गठन किया जायेगा। इस प्रकोष्ठ में महाविद्यालय के सभी पी०एच०डी० धारी प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया।

14. नैक की गाइडलाईन के अनुरूप महाविद्यालय का AQAR नियमित तौर पर भरा जायेगा जिससे आगामी चक्र का मूल्यांकन सुनियोजित तरीके से हो सके। नैक प्रभारी निर्धारित समयसीमा में महाविद्यालय का AQAR जमा करेंगे।

15. महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक सदस्यों के दक्षता -संवर्धन के लिये वर्कशॉप, सेमीनार, प्रशिक्षण नियमित तौर पर

आयोजित किया जायेगा।

16. स्नातकोत्तर कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये एवं बेहतर पठन-पाठन का वातावरण निर्मित करने के लिये 'हिन्दी परिषद' एवं 'विज्ञान परिषद' के गठन का निर्णय लिया गया।

17. महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिये प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से M.O.U. किया जायेगा। इसी प्रकार कोलॉबरेशन एवं लिंकेज भी किया जायेगा।

बैठक का समापन संयोजक डॉ० यू० के० पांडेय के आभार-प्रदर्शन से हुआ।

आज की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:-

1. श्री भगवती चरण बैरागी — [signature]

2. श्री निरूपम सिंह — [signature] 10.12.2021

3. डॉ० अर्चना गुप्ता — [signature] Gupta

4. डॉ० सत्यनारायण साहू — [signature] 10.12.2021

5. श्री शैलेष कन्नौजिया (विशेष-आमंत्रित) — [signature]

6. श्री लक्ष्मीदास मानिकपुरी (विशेष-आमंत्रित) — [signature] 10.12.2021

7. कु० दीप्ति हालदार — Deepti

8. कु० रूपा प्रजापति — Rupa

9. श्री सूरज रॉय — Suraj Roy

10. श्री हेमंतसिंह — Hemant

11. सुश्री निकिता गुप्ता — निकिता गुप्ता

10.12.2021

डॉ० यू० के० पांडेय
संयोजक

श्री एन० के० देवांगन
प्राचार्य / अध्यक्ष